इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी शक्ति बनकर उभर रहा भारत : मोदी

नई दिल्ली। सेमीकंडक्टर्स की डच कंपनी एनएक्सपी के सीईओ कर्ट सिवर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं और बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, कर्ट सीवर्स से मिलकर सेमीकंडक्टर व नवाचार के संसार में परिवर्तनगामी परिदृश्य पर चर्चा की। प्रतिभाशाली युवाओं के बल पर इस क्षेत्र में भारत प्रमुख शक्ति बनकर उभर रहा है। वहीं, एनएक्सपी ने ट्वीट कर कहा, कर्ट सिवर्स ने सेमीकंडक्टर तंत्र को मजबूत करने, भारत में एसटीईएम कार्यबल और स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र को विकसित करने पर चर्चा करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। एनएक्सपी नवाचार चमत्कारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यूरो

पीएम मोदी व एनएक्सपी के सीईओ कर्ट सिवर्स।

2026 तक 300 अरब डॉलर का होगा उद्योग

केंद्र ने देश में 2026 तक इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण उद्योग को 300 अरब डॉलर से ज्यादा का बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बीते महीने ही सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के सबसे अहम घटक सेमीकंडक्टर के निर्माण में तेजी लाने और 10 वर्ष में इस क्षेत्र में भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करने के लिए जल्द ही व्यापक योजना शुरू करने का एलान किया था।